विश्व हिंदी साहित्य 2026 के लिए
रचनाएँ आमंत्रित

विश्व हिंदी सचिवालय वर्ष 2018 से एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक पत्रिका 'विश्व हिंदी साहित्य' का प्रकाशन कर रहा है। इसमें गद्य एवं पद्य विधाओं में विश्व के विभिन्न रचनाकारों द्वारा रचित लघुकथा, कहानी, कविता, दोहा, क्षणिकाएँ, हाइकु, गीत, गज़ल, नाटक, एकांकी, निबंध, संस्मरण, यात्रावृत्तांत, रेखाचित्र, रिपोर्ताज, डायरी व्यंग्य, साक्षात्कार, पुस्तक-समीक्षा, लेख, आलोचना एवं अन्य भाषा से हिंदी में अनूदित साहित्यिक रचनाओं को स्थान दिया जाता है।

'विश्व हिंदी साहित्य' के पूर्व अंक सचिवालय की वेबसाइट https://patrikayan.vishwahindi.com/ पर उपलब्ध हैं।

'विश्व हिंदी साहित्य' के नौवें अंक हेतु विश्व भर के हिंदी रचनाकारों की ओर से रचनाएँ आमंत्रित हैं।

नियम एवं शर्तें :

- प्रत्येक रचनाकार की <u>एक</u> ही रचना स्वीकृत की जाएगी।
- रचनाओं की शब्द-संख्या विधाओं के आधार पर स्वीकार्य सीमा की होनी चाहिए।
- प्रत्येक रचना अप्रकाशित (प्रिंट अथवा इलेक्ट्रॉनिक) व मौलिक एवं कॉपीराइट से स्वतंत्र होनी चाहिए।
- रचना यूनिकोड फ़ॉण्ट में टंकित तथा 'ओपन वर्ड फ़ाइल' मोड में होनी चाहिए।
- रचनाकार का संक्षिप्त परिचय, मोबाइल नंबर, ईमेल पता, एक पासपोर्ट आकार का चित्र एवं रचना के मौलिक तथा अप्रकाशित होने का प्रमाण-पत्र भी भेजना अनिवार्य है।
- संपादक मंडल द्वारा रचना स्वीकृत होने पर ही पत्रिका में प्रकाशित की जाएगी।
- रचना प्राप्ति की अंतिम तिथि **सोमवार 01 जून, 2026** है।
- रचना निम्नलिखित डाक अथवा ईमेल पते पर भेजी जा सकती है।
- अधिक जानकारी के लिए फ़ोन अथवा ईमेल द्वारा संपर्क करें।

पता : **World Hindi Secretariat**
Independence Street, Phoenix
73423
Mauritius

फ़ोन : **+230 660 0800**

ईमेल : **vhsahitya2019@gmail.com**

30.03.2026